वार्ड 35 में बनेगी 2 किलोमीटर नाली, महापौर ने मोहल्ले में पहुंचकर की कार्य की शुरुआत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 35 में 2 किलोमीटर पक्की नाली बनाया जाएगा जिसके लिए आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद कृष्णा वेणी काली प्रसाद एवं वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्य की शुरुआत की। 48 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को सहूलियत मिल सकेगी। वार्ड 35 में लंबे समय से पक्की नाली बनाने के लिए स्थानीय नागरिक व पार्षद मांग कर रहे थे जिसे महापौर श्री यादव के द्वारा पूरा कराए जाने के बाद वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया! महापौर देवेन्द्र यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाली निर्माण का कार्य तय कार्यअवधि में पूर्ण किया जाए ताकि वार्ड 35 के नागरिकों को सुविधा मिल सके और जल का प्रवाह निरंतर बना रहे। 2 किलोमीटर तक पक्की नाली बनने से क्षेत्र में बारिश का पानी तथा घरों से निकलने वाले निस्तारी के पानी की निकासी पहले और बेहतर हो जाएगी! भिलाई निगम के जोन कं. 04 अंतर्गत वार्ड 35 में पक्की नाली बनाया जाएगा। कार्य की स्वीकृति होने बाद 48 लाख की लागत से निर्माण होने वाली नाली की लंबाई 2 किलोमीटर होगी जो वार्ड के उड़िया बस्ती , बालकनाथ मंदिर, कॉपरेटिव लाइन से केनाल रोड होते हुए बड़े नाले में मिलेगी। नाली निर्माण होने के पश्चात इस क्षेत्र में निस्तारी पानी निकासी की समस्या खत्म हो जाएगी। कार्य की शुरुआत के दौरान वार्ड 35 पार्षद कृष्णा वेणी, डी. कामराजू, पार्षद मार्तन्ड सिंह मनहर , पूर्व पार्षद सत्यवती साहू , जोन कं. 04 की जोन आयुक्त प्रीति सिंह , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर सहित वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।